RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



कुब्रा सैत ने सिय
नदी पर पूरा कि
राफ्टिंग अभिया
पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 334 | MONDAY DATE 22-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री से मुलाकात की संभावना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** बिहार में हिजाब खींचने वाले मामले को लेकर देशभर में चल रही बयानबाजी और राजनीतिक चर्चा के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को दिल्ली पहुंचे हैं। ऐसे हालात में उनके दिल्ली आगमन को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। दिल्ली में नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात होने की भी संभावना है। दिल्ली पहुंचने पर सीएम नीतीश कुमार का एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह ने स्वागत किया। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हो सकती है। हालांकि फिलहाल इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में बिहार से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में बिहार में हिजाब विवाद को लेकर देश भर में सियासी बयानबाजी तेज है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री का दिल्ली पहुंचना और प्रधानमंत्री से संभावित मुलाकात कई तरह के राजनीतिक संकेत दे रही है।

### कोहरे में छिपा ताजमहल, कड़ाके की ठंड जारी, कई जगह विजिबिलिटी शून्य

**लखनऊ, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** यूपी में कड़ाके की ठंड और भीषण कोहरे का कहर जारी है। यहां सीजन में पहली बार पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पिछले 24 घंटे में सुल्तानपुर 4.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। बाराबंकी में पारा 4.8, अयोध्या में 5, बरेली में 5.1डिग्री सेल्सियस और शाहजहांपुर में पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार सुबह 28 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच गई। ज्यादातर शहरों में धूप नहीं निकली। सर्द हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ीं। कुछ जगह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बता दें शनिवार को प्रदेश के 17 जिलों में शिमला 11.8 और नैनीताल 9डिग्री सेल्सियस से ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। जालौन में शीतलहर को देखते हुए गौशालाओं में हीटर लगवाए गए। इस बीच मौसम विभाग ने लखनऊ, सीतापुर समेत पूरे अवध क्षेत्र के लिए अगले 2 दिन भीषण ठंड और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

### मुंबई में समुद्र तट पर नजर आया डॉल्फिन का झुंड, लोग हुए बाग-बाग

**मुंबई, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** मुंबई के वर्ली सी फेस पर शहर के समुद्र तट के पास डॉल्फिन का झुंड तैरता नजर आया है। इस नजारे ने मुंबई में रहने वालों को चौंका दिया। शहर की बड़ी-बड़ी इमारतें और भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल के बीच ऐसा नजारा देख लोग हैरान थे। समुद्र में डॉल्फिन को तैरता देख लोग भी आनंदित हुए इसका वीडिया वायरल हो गया और कमेंट सेक्शन में जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। इस वीडियो में लोग वर्ली सी-फेसिंग के पास खड़े होकर समुद्र की ओर देख रहे होते हैं। क्योंकि पानी में डॉल्फिन का एक झुंड उन्हें गोते लगाता नजर आया। इस नजारे का आनंद उठाते हुए लोग डॉल्फिन को अपने कैमरों में कैद करते भी नजर आए।

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ-ईस्ट के विकास का विरोध किया : मोदी

» **गुवाहाटी, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के नामरूप में फर्टिलाइजर यूनिट का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ-ईस्ट के विकास का विरोध किया है।




- प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई प्यार और सम्मान नहीं है, बल्कि वे घुसपैठियों के प्रति पक्षपाती हैं।
- प्रधानमंत्री ने फूल चढ़ाए और 1979 में शुरू हुए छह साल लंबे विदेशी विरोधी आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला पहनाई और असम की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया।

उन्होंने कहा, जब भाजपा सरकार ने संगीतकार भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, तो कांग्रेस ने असम के इस महान व्यक्ति का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी ने असम के नगांव जिले में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के हमारे फैसले का भी विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई प्यार और सम्मान नहीं है, बल्कि वे घुसपैठियों के प्रति पक्षपाती हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया जिन्होंने असम की आबादी को बर्बाद कर दिया क्योंकि वे घुसपैठिए विपक्षी पार्टी के वोट बैंक हैं। इसके विपरीत, भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए काम किया है।

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के मूल निवासियों की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रही है।

इससे पहले, पीएम मोदी ने गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जो राज्य के लोगों के लिए एक बहुत ही भावुक क्षण था। प्रधानमंत्री ने फूल चढ़ाए और 1979 में शुरू हुए छह साल लंबे विदेशी विरोधी आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला पहनाई और असम की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया।

शहीद स्मारक क्षेत्र उन 860 लोगों को समर्पित है जिन्होंने असम आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाई थी। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने शहीदों की गैलरी का भी दौरा किया, जहां सभी शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और सभी को सम्मान दिया।

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज जहाज चराइदेव पर असम के विभिन्न हिस्सों से चुने गए 25 छात्रों के साथ एक विशेष और प्रेरणादायक बातचीत भी की, जो राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान एक अनोखी मुलाकात थी।




## रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई ने रक्षा मंत्रालय के लेफ्टिनेंट कर्नल को गिरफ्तार किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घूसखोरी के मामले में रक्षा मंत्रालय के डिफेंस प्रोडक्शन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और एक निजी व्यक्ति विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी। सीबीआई ने यह कार्रवाई विश्वसनीय स्रोत से मिली सूचना के आधार पर 19 दिसंबर को एक मामला दर्ज करने के बाद की। आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं निर्यात से जुड़े योजनागत अधिकारी के रूप में रक्षा उत्पादन विभाग में कार्यरत थे। दीपक कुमार शर्मा, उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली, 16 इंफेंट्री डिविजन ऑर्डनेंस यूनिट, श्रीगंगानगर और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और रिश्वत लेने-देने के आरोप लगाए गए हैं, जिनमें दुबई आधारित एक कंपनी भी शामिल बताई गई है। आरोप है कि लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा रक्षा उत्पाद निर्माण और निर्यात से जुड़े कई निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मिलीभगत कर लंबे समय से भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल थे और उनसे अवैध लाभ लेकर मनचाही सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे थे।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले : एसआईआर का विरोध करने वाले हैं खुद कंफ्यूज

» **जोधपुर, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को मुंबई से जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने गोवा में आयोजित हालिया कला उत्सव की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी यह अनूठा कला उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया और कला प्रेमियों को भावविभोर कर दिया।




इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। शेखावत ने कहा कि जो लोग आज एसआईआर का विरोध कर रहे हैं, वे ही कुछ समय पहले इसकी मांग कर रहे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विरोध करने वालों को खुद यह स्पष्ट नहीं है कि वे किस बात का विरोध कर रहे हैं। केवल विपक्ष में होने के कारण विरोध करना ही उन्होंने अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी समझ ली है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, कुछ ऐसे लोग भी हैं जो थोड़े दिन पहले तक एसआईआर लागू करने की मांग कर रहे थे और अब उसी प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। यह दशार्ता है कि वे खुद कंफ्यूज हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार और चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं और हर कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

## घुसपैठियों को हटाना निश्चित रूप से कानूनी है : प्रवीण खंडेलवाल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने पीएम मोदी के एसआईआर पर दिए एक बयान का समर्थन करते हुए कहा कि घुसपैठियों को हटाना निश्चित रूप से कानूनी है।

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का विरोध करने का आरोप लगाया था। पीएम मोदी ने कहा कि घुसपैठियों को बचाने के लिए सरकार अपनी पूरी ताकत लगा रही है, जो बदले में पश्चिम बंगाल के गरीबों को लूटते हैं, आतंक और अराजकता फैलाते हैं और हमारी नारी शक्ति के खिलाफ अत्याचार करते हैं। पश्चिम बंगाल के लोगों से मोदी का यह वादा है कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीएम मोदी के बयान पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि हम सब जानते हैं कि जब बिहार में एसआईआर हुआ था, तो बड़ी संख्या में अयोग्य लोगों को हटाया गया था जिन्हें गलत तरीके से वोटर के तौर पर जोड़ा गया था। हाल ही में बंगाल में एसआईआर का ड्राफ्ट सामने आया, जिसमें अवैध घुसपैठिये सामने आए। उन्होंने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, वे अयोग्य लोग जिन्हें एक साजिश के तहत भारत की वोटर लिस्ट में शामिल किया गया था..

## हम सब मिलकर अरावली बचाएं और भाजपा को जनता-जनमत की ताकत से हराएं : अखिलेश

» **लखनऊ, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि आइए हम सब मिलकर अरावली बचाएं और भाजपा की राजनीति को जनता और जनमत की ताकत से हराएं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बची रहे जो अरावली तो दिल्ली रहे हरीभरी। अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं है बल्कि



ये तो संकल्प होना चाहिए। मत भूलिए कि अरावली बचेगी तो ही एनसीआर बचेगा।

उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना अपरिहार्य है क्योंकि यह दिल्ली और एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है या कहें कुदरती ढाल है। अरावली ही दिल्ली के ओझल हो चुके तारों को फिर से दिखा सकती है, पर्यावरण को बचा सकती है। सपा प्रमुख ने कहा कि अरावली पर्वतमाला ही दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करती है और बारिश-पानी में अहम भूमिका निभाती है। अरावली से ही एनसीआर की जैव विविधता बची हुई है। जो वेटलैंड गायब होते चले जा रहे हैं, उन्हें यही बचा सकती है। गुम हो रहे परिंदों को वापस बुला सकती है। अरावली से ही एनसीआर का तापमान नियंत्रित होता है। इसके अलावा, अरावली से एक भावात्मक लगाव भी है जो दिल्ली की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अरावली को बचाना दिल्ली के भविष्य को बचाना है, नहीं तो एक-एक सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे दिल्लीवासी स्मॉग जैसे जानलेवा हालात से कभी बाहर नहीं आ पाएंगे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### संपत्ति विवाद में भिड़े भाई-भतीजे, प्राथमिकी दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** ट्रॉनिका सिटी थानाक्षेत्र के राम पार्क कॉलोनी निवासी अरविंद ने अपने बड़े भाई परमेंद्र और दोनों भतीजों पंकज व युवराज पर मारपीट का आरोप लगाया है। झगड़ा 16 दिसंबर का है जब दोनों भाई संपत्ति विवाद के चलते आपस में भिड़ गए। पुलिस ने 19 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज मामले में अरविंद ने बताया कि उनके भाई से संपत्ति को लेकर विवाद चला आ रहा है। 16 दिसंबर की सुबह करीब 11:30 बजे भाई अपने दोनों बेटों को लेकर उनके घर पर पहुंचे और मकान खाली करने को कहा। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब आरोपियों ने लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर पड़ोसी एकत्र हुए और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी जान से मरने की धमकी देकर भाग गए। उपचार के बाद पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### काम पर रखीं घरेलू सहायिकाएं 15 लाख की चोरी कर हुईं चंपत

**कौशांबी।** वैशाली सेक्टर पांच स्थित गुलमोहर लेन की रहने वाली हेमलता के मकान में काम करने आईं दो घरेलू सहायिकाएं करीब 15 लाख रुपये की चोरी को अंजाम देकर चंपत हो गईं। महिलाओं ने काम पर लगने के दूसरे ही दिन घटना को अंजाम दिया। 19 दिसंबर की सुबह पीड़िता को जब चोरी का पता चला तब उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस को दी तहरीर में हेमलता ने बताया कि 17 दिसंबर को दो महिलाएं उनके घर काम मांगने पहुंची थीं। उन्होंने खुद को खोड़ा का रहने वाला बताया।

# महाभारत के भगवान कृष्ण ने की सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात, शेयर की फोटोज



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

बी.आर. चोपड़ा की महाभारत में भगवान कृष्ण का किरदार निभाने वाले नीतीश भारद्वाज भले ही टीवी की दुनिया से दूर हैं, लेकिन ओटीटी पर पसंद किए जा रहे हैं।

उनकी आरएसएस संघ पर बनी केसरिया@100 डॉक्यूमेंट्री में वे प्रस्तुतकर्ता के तौर पर दिख रहे हैं। डॉक्यूमेंट्री में उनकी आवाज और कहानी बताने के तरीके को खूब पसंद किया जा रहा है, लेकिन इसी बीच उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है।

नीतीश भारद्वाज ने अपने इंस्टाग्राम पर फोटोज पोस्ट की हैं जिसमें वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दिख रहे हैं। सीएम योगी अभिनेता को भेंट दे रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर खुशी हुई, जो मेरे पुराने संसद सहयोगी और सनातन धर्म ग्रंथों और भारतीय इतिहास के सच्चे समर्थक हैं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से भगवान कृष्ण की एक खास क्रिस्टल मूर्ति पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

नीतीश भारद्वाज ने टीवी और मंचों पर काम करने से लेकर राजनीति में भी अपनी भागीदारी निभाई है। अभिनेता ने साल 1996 में भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन किया था और झारखंड के जमशेदपुर से जनता द्वारा सांसद बनकर चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश के राजगढ़ से भी चुनाव लड़ा, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण से चुनावों में हार गए थे।

# दिल्ली के करोल बाग में नकली मोबाइल बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**




दिल्ली पुलिस की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल स्टाफ टीम ने करोल बाग इलाके में प्रीमियम सैमसंग मोबाइल की नकली असेंबली और बिक्री में शामिल एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। टीम ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 512 नकली प्रीमियम सैमसंग मोबाइल फोन सहित भारी मात्रा में मोबाइल पार्ट्स बरामद किए हैं।

दिल्ली पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार, यह गिरोह चीन से आयात किए गए स्पेयर पार्ट्स का इस्तेमाल कर सैमसंग के अल्ट्रा, फोल्ड और फ्लिप जैसे हाई-एंड मॉडल तैयार करता था और उन पर फर्जी आईएमईआई नंबर और ह्यमेड इन वियतनामह्न लिखे स्टिकर लगाकर इन फोन को बाजार में ब्रांडेड बताकर 35 से 40 हजार रुपए में बेच रहा था।

पुलिस ने 13 दिसंबर 2025 को एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली कि बीडनपुरा, करोल बाग स्थित एक दुकान में चोरी के मोबाइल खरीदने के साथ-साथ चीन से आए पुर्जों से नए जैसे दिखने वाले प्रीमियम मोबाइल तैयार किए जा रहे हैं। इन फोन में पुराने मदरबोर्ड लगाए जाते थे, नकली आईएमईआई चिपकाए जाते थे और इन्हें खुले बाजार में नया बताकर बेचा जाता था। मामले की गंभीरता को लेते हुए इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें कई सब-इंस्पेक्टर, एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल शामिल थे। पूरी कार्रवाई एसीपी ऑपरेशंस सुलेखा जागरवार, आईपीएस की निगरानी में हुई। टीम ने 1 और 14 दिसंबर की मध्यरात्रि में दुकान पर छापेमारी कर चार आरोपियों को मोबाइल असेंबल करते हुए रंगेहाथों पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान हकीम, मेहताब अहमद अंसारी, रवि आहूजा और राहुल के रूप में हुई। दुकान की तलाशी में 512 तैयार और आधे तैयार प्रीमियम सैमसंग मोबाइल फोन, 124 मदरबोर्ड, 138 बैटरियां, 459 फर्जी आईएमईआई लेबल, मोबाइल बॉक्स, सैकड़ों एक्सेसरीज और असेंबली में इस्तेमाल होने वाले विशेष औजार मिले। पूछताछ में कोई भी आरोपी इन वस्तुओं के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद करोल बाग थाने में एफआईआर दर्ज कर चारों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस की कड़ी पूछताछ में यह सामने आया कि 36 वर्षीय हकीम महज आठवीं पास है, लेकिन इसी ने इस पूरे नेटवर्क को संगठित तरीके से चलाया। वह चीन से कैमरा, बॉडी फ्रेम, स्पीकर, बैक ग्लास और मदरबोर्ड जैसी सामग्री मंगवाकर अपने साथियों की मदद से हाई-डिमांड वाले सैमसंग फोन तैयार करता था और महंगे दाम पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था।

### 350 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस जारी करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** सीजीएसटी की टीम ने 350 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस जारी करने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 12 फर्जी फर्मों के माध्यम से 53.14 करोड़ की अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट का भी लाभ ले चुका है। टीम ने जांच के दौरान फर्म से कई जाली दस्तावेजों को भी जब्त कर लिया है। सीजीएसटी के आयुक्त संजय लवानियां के नेतृत्व में टीम कई दिनों से फर्म पर निगरानी रख रही थी। जांच करने के लिए फर्म पर पहुंची टीम ने पाया कि आरोपी 12 अस्तित्वहीन फर्मों के माध्यम से कर चोरी का नेटवर्क संचालित कर रहा था। इन फर्जी फर्मों को विभिन्न माध्यमों से खरीदा हुआ है। इन्हीं के माध्यम से फर्जी इनवॉइस जारी किए। शुरूआती जांच में आकलन के बाद 350 करोड़ रुपये का फर्जी लेनदेन का मामला सामने आया।

### जमीन बेचने के पांच साल बाद कब्जे का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के निस्तोली रोड निवासी सुंदर चौहान ने लोनी के सिरौरा सलेमपुर निवासी हरेंद्र समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि हरेंद्र ने पांच साल पहले उन्हें जो जमीन बेची थी उस पर वह अब कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर उनसे मारपीट की। विवाद 15 दिसंबर का है और पुलिस ने 19 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सुंदर चौहान ने बताया कि 15 दिसंबर को वह सिरौरा सलेमपुर स्थित अपनी कृषि भूमि पर तारबंदी के लिए सीमेंट के खंभे लगवा रहे थे।

### भाजपा नेता जी किशन रेड्डी ने सोनिया गांधी को लिखा पत्र, तेलंगाना सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जी किशन रेड्डी ने रविवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर चुनावी वादों से मुकरने, गारंटियों की अनदेखी करने और जनता को भ्रमित करने के गंभीर आरोप लगाए। जी किशन रेड्डी ने सोनिया गांधी को संबोधित करते हुए पत्र में लिखा, मैं आपको तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम तेलंगाना राइजिंग-2047 के संबंध में लिख रहा हूं, जिसमें व्यापक रूप से यह बताया गया है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया और व्यक्तिगत रूप से आपको ह्यतेलंगाना राइजिंग-2047 विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया। रिपोर्टों से पता चलता है कि आपने सरकार के दो साल के कार्यकाल के प्रदर्शन की सराहना की और राज्य के विकास के लिए मुख्यमंत्री के विजन की प्रशंसा की, साथ ही तेलंगाना के भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा, ह्लइससे एक गंभीर और अपरिहार्य सवाल उठता है। 2023 में तेलंगाना राज्य विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान, आपने 17 सितंबर 2023 को हैदराबाद के बाहरी इलाके में टुक्कुगुडा में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया था।

# दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने दो लापता नाबालिगों को बचाया, 24 साल के संदिग्ध को पकड़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-ह्यूमनट्रैफिकिंगयूनिट (एएचटीयू) ने राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग हिस्सों से दो नाबालिग बच्चों को ढूंढकर बचाया है, जिनमें एक दिव्यांग लड़का भी शामिल है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों से मिला दिया गया, जबकि एक मामले में 24 साल के एक संदिग्ध को पकड़ा गया। पहली घटना में 8 दिसंबर को भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन इलाके से एक 16 साल का दिव्यांग लड़का लापता हो गया था। उसके परिवार की शिकायत के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, जांच एएचटीयू को सौंप दी गई, जो ऐसे मामलों के लिए नोडल एजेंसी है। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के नेतृत्व में एक समर्पित टीम, जिसमें एएसआई गोपाल कृष्ण, महिला हेड कांस्टेबल सीमा और कांस्टेबल



धर्मराज शामिल थे, ने एक गहन तलाशी अभियान शुरू किया।

टीम ने लड़के की तस्वीर सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप पर सकुर्लेट की और कई जगहों पर जांच की। जमीनी स्तर से मिली जानकारी के आधार पर, लड़के को अलीपुर इलाके में शनि मंदिर के पास ढूंढा गया।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि लड़का, जो मानसिक रूप से परेशान है, घर से भटक गया था और रास्ता भटक गया था। बाद में उसे उसके माता-पिता से मिला दिया गया।

दूसरे मामले में 20 दिसंबर को उसी पुलिस स्टेशन इलाके से एक 16 साल की लड़की लापता हो गई थी। इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए एएचटीयू टीम ने उसके परिवार और दोस्तों से जानकारी इकट्ठा की और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया।

# जी राम जी बिल भाजपा के छिपे हुए एजेंडे का हिस्सा: सपा सांसद वीरेंद्र सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने जी राम जी बिल पर केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह बिल भाजपा के छिपे हुए एजेंडे का हिस्सा है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में सपा सांसद ने कहा कि सभी सांसदों ने मांग की थी कि यह योजना गरीबों से जुड़ी है।

सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह गांवों से पलायन रोकने के मकसद से बनाई गई रोजगार गारंटी योजना है। अगर इसे ठीक से लागू नहीं किया गया, तो ग्रामीण मजदूर पलायन करेंगे, जो भारतीय जनता पार्टी के छिपे हुए एजेंडे का हिस्सा है। जब गांव वाले शहरों में पलायन करेंगे, तो अमीरों के यहां मजदूरों की कमी पूरी करेंगे। भाजपा यही चाहती है। हमारा मानना है कि इन सभी कारणों से केंद्र सरकार ने जी राम जी योजना लाकर मनरेगा को कमजोर कर दिया है।

अहीर रेजिमेंट की मांग पर सपा सांसद ने कहा कि यह मांग पूर्व सैनिकों की ओर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से की गई है। कुछ पूर्व सैनिक मिलने के लिए भी आए थे।

उन्होंने कहा कि जब मुलायम सिंह यादव रक्षा मंत्री थे, तो सैनिकों के सम्मान के लिए शव को घर तक पहुंचाना, शहीद का दर्जा दिलाना, विधवा और परिवार को बेसहारा न रहने देना तथा आर्थिक मदद को बढ़ावा देने का काम किया गया था। मुलायम सिंह ने अहीर रेजिमेंट की स्थापना करने की सोची थी, लेकिन समय कम रहने के कारण वह नहीं हो पाया। बाद में पूर्व सैनिकों की ओर से यह मांग अखिलेश यादव से की गई।

# खाते से निकले 3 .30 लाख रुपये, डेढ़ लाख रुपये का कराया लोन

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

एक पीड़ित के खाते से बिना उसकी जानकारी के करीब तीन लाख तीस हजार रुपये निकल गए। इतना ही नहीं, उसके खाते पर करीब डेढ़ लाख रुपये का लोन भी करा लिया गया। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में न तो बैंक से उसे कोई फोन आया और न ही कोई मैसेज आया। बैंक कर्मचारियों की मिली भगत कर फ्रॉड होने की आशंका व्यक्त करते हुए पीड़ित ने थाना विजय नगर में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि सेक्टर-12 निवासी बलवीर सिंह के मुताबिक उनका खाता आंबेडकर रोड एचडीएफसी बैंक में है। एक दिसंबर को जब वह अपने खाते की धनराशि चेक कर रहे थे, तो उसमें महज दो सौ से तीन सौ रुपये ही दिखाई दे रहे थे। जिसे देखकर वह दंग रह गए और वह तुरंत मामले की जांच पड़ताल के लिए बैंक गए। वहां से डिटेल जब उन्होंने निकलवाई, तो पता चला कि 30 नवंबर को दो बार में 3.30 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। पहली बार दो लाख रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ, जबकि दूसरी बार में एक लाख तीस हजार रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार पानीपत चैप्टर द्वारा एन.एस.टी.आई. में करवाया गया योगा व ध्यान सत्र

» राजेश सलूजा





हरियाणा, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, पानीपत में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सहयोग से विशेष ध्यान एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के अनुभवी अध्यापक सागर तागरा ने विद्यार्थियों को ध्यान की महत्ता बताते हुए व्यावहारिक रूप से ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

इस अवसर पर अध्यापक सागर तागरा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में विद्यार्थी मानसिक तनाव, एकाग्रता की कमी और असंतुलन का सामना कर रहे हैं। ध्यान ऐसी सरल एवं प्रभावी विधि है, जिससे मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से ध्यान करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि इससे पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शांत वातावरण में अनुशासनपूर्वक ध्यान अभ्यास किया। ध्यान सत्र के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें मानसिक शांति, स्फूर्ति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। कई विद्यार्थियों ने कहा कि ध्यान अभ्यास से उन्हें तनाव से राहत मिली और मन अधिक एकाग्र महसूस हुआ।

आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से अनीता खुराना ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम संस्थान में आयोजित किए जाने चाहिए।अनीता खुराना ने आवाहन किया कि 21 दिसंबर को सभी विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान जरूर करे।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से पहुंचे सागर तागरा एवं अनीता खुराना का संस्थान के सदस्यों ने स्वागत एवं धन्यवाद किया।

कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ किया गया।इस अवसर पर संस्थान का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने लड्डु व केक काटकर बनाया युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला का जन्मदिन



» हरियाणा, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

भारत के सबसे युवा एवं लोकप्रिय विधायक आदित्य सुरजेवाला का जन्मदिन आज जिला कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन हिसार में सादगी और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) हिसार के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने केक काटकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को लड्डू बांटकर खुशियाँ साझा कीं।

इस अवसर पर बृजलाल बहबलपुरिया ने मेरे अजीज आदित्य सुरजेवाला को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदित्य सुरजेवाला युवा सोच, ऊर्जा और जनसेवा की भावना के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि पार्टी को उनसे भविष्य में मजबूत, ईमानदार और जनपक्षधर नेतृत्व की अपेक्षा है।आदित्य सुरजेवाला की सक्रियता और युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने आदित्य सुरजेवाला के दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता सतपाल कुलडिया , एडवोकेट भरत सिंह मलिक, एस.सी. प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता सचिव सुखबीर नागर, वरिष्ठ नेता सुखबीर नैन, युवा नेता हार्दिक बामल,सुरेश नैन, कृष्ण जांगड़ा मंगाली, चंद्र शेखर, कार्यालय सचिव अनिल बिश्नोई,रत्न सिंह सरपंच, जिले सिंह इत्यादि अन्य साथी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत-जी राम जी बिल से रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों को मिलेगा बढ़ावाः प्रह्लाद जोशी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ह्यविकसित भारत-जी राम जीह्व बिल को लेकर कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य लोग यह गलत प्रचार कर रहे हैं कि यह बिल प्रगतिशील नहीं है और इससे ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे। यह दावा सरासर झूठ है।प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी बिल का असली उद्देश्य ग्रामीण भारत को मजबूत बनाना है। यह योजना न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाती है, बल्कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे को भी बेहतर बनाएगी।

इस बिल के तहत रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे गांवों में रहने वाले लोगों को ज्यादा काम और आय मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि 125 दिनों का रोजगार मिलने से गांवों से शहरों की ओर होने वाला पलायन कम होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर काम पर संबंधित अधिकारी निगरानी रखेंगे।

# मनरेगा के नाम पर देश को गुमराह करने की कोशिश : शिवराज सिंह चौहान



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विपक्षी नेताओं की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे सरकार की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।


सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, मनरेगा के नाम पर गलत जानकारी फैलाकर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, सच तो यह है कि विकसित भारत ग्राम योजना मनरेगा से एक कदम आगे है। अब मजदूरों को सिर्फ 100 दिन नहीं, बल्कि 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। बेरोजगारी भत्ते के प्रावधानों को मजबूत किया गया है और अगर मजदूरी में देरी होती है, तो अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजना के लिए कुल आवंटन बढ़ाया है और विकसित गांव के जरिए विकसित भारत हासिल करने के लिए आत्मनिर्भर गांव विकसित करने का लक्ष्य रखा है। चौहान ने कहा कि यह बिल गरीबों और विकास के पक्ष में है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हाल ही में पास हुए विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 का जोरदार समर्थन किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लेगा। अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने चौहान द्वारा लिखे गए एक आर्टिकल को शेयर किया और उसका समर्थन किया, जो एक प्रमुख अखबार में छपा था।

आर्टिकल का शीर्षक था नया रोजगार कानून सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है। इसका मकसद सुधार करना है। नागरिकों से इस लेख को पढ़ने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, इस जरूर पढ़े जाने वाले लेख में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बताते हैं कि यह बिल रोजगार गारंटी को बढ़ाकर, लोकल प्लानिंग को शामिल करके, मजदूरों की सुरक्षा और खेती की प्रोडक्टिविटी के बीच बैलेंस बनाकर, योजनाओं को मिलाकर, फ्रंटलाइन क्षमता को मजबूत करके और गवर्नेंस को मॉडर्न बनाकर ग्रामीण आजीविका को कैसे बदलने का लक्ष्य रखता है।

## संघ हिंदुओं के संरक्षण के पक्ष में पर मुसलमानों का विरोधी नहीं: मोहन भागवत



**कोलकाता, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 4 दिवसीय पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने कोलकाता के साइंस सिटी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आरएसएस मुस्लिम विरोधी नहीं है। जो देखना चाहते हैं, वे आकर देख सकते हैं।

आरएसएस का दरवाजा हमेशा खुला रहा है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कोलकाता व्याख्यानमाला तृतीय सत्र 100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिज कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धारणा है कि संघ मुस्लिम विरोधी है, जबकि संघ में कोई दरवाजा बंद नहीं है। कभी आकर आरएसएस को देखिए। अगर लगता है कि हम मुस्लिम विरोधी हैं, तो ऐसी धारणा बनाइए। उन्होंने आगे कहा कि अगर आपको संघ मुस्लिम विरोधी लगता है, तो आप अपनी धारणा बदलिए। मैं कहता हूं कि अब समझाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि समझने के लिए आपके सामने बहुत कुछ मौजूद है और जिसे नहीं समझना है, उसे समझाकर कोई फायदा नहीं है। अगर जानना है तो आकर देखिए, उसके बाद जैसी भी आपकी राय बनती है, बना लीजिए।

## नक्शे में चौबीसी एक्सटेंशन, रजिस्ट्री में ओल्ड एरिया आदर्श नगर-कलेक्टर रेट में दोनों का नहीं है उल्लेख

» हरियाणा, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।








नगर पालिका उकलाना क्षेत्र में स्थित पुरानी धागा मिल की लगभग 6 एकड़ भूमि को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2023 में इस भूमि की रजिस्ट्री आर.एस. कोटेशन द्वारा माधवम्-केशव एन्क्लेव के नाम बंजर/कृषि भूमि के रूप में करवाई गई थी, जबकि इसके बाद अप्रैल 2025 से मई, जून और जुलाई 2025 तक इसी भूमि की रजिस्ट्री रिहायशी अधिकृत कॉलोनी बताकर की जाती रही।

जानकारी मिलने पर पैक्स बुड्ढा खेड़ा के अध्यक्ष एवं पत्रकार जगदीश असीजा ने 20 अगस्त 2025 को नगर पालिका सचिव, उकलाना से इस क्षेत्र को अधिकृत कॉलोनी घोषित किए जाने संबंधी एनडीसी व नोटिफिकेशन की जानकारी मांगी गई। पत्र में संबंधित खसरा नंबरों का स्पष्ट उल्लेख किया गया था। इसके जवाब में 19 सितंबर 2025 को नगर पालिका कार्यालय द्वारा पत्र क्रमांक 79 जारी कर कहा गया कि जानकारी अधिक है, इसलिए व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में आकर संपर्क करें।

हालांकि, चार माह से अधिक समय बीतने के बावजूद नगर पालिका की ओर से आज तक कोई लिखित या स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई।

इसी विषय पर 5 सितंबर 2025 को नायब तहसीलदार से भी अधिकृत कॉलोनी को लेकर जानकारी मांगी गई, लेकिन वहां से भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। 13 अक्टूबर 2025 को कार्यालय के पत्र क्रमांक 1227 के तहत केवल रजिस्ट्रियों की प्रतियां लेने की सलाह दी गई, जबकि संबंधित रजिस्ट्री प्रतियां पहले ही प्राप्त की जा चुकी थीं।

इसके बाद 20 नवंबर 2025 को नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर मांग की गई कि बिना विधिवत नोटिफिकेशन के रजिस्ट्री न की जाए, लेकिन इसके बावजूद अब भी उक्त क्षेत्र में रजिस्ट्री अधिकृत कॉलोनी बताकर की जा रही है।

नक्शा, रजिस्ट्री और कलेक्टर रेट-तीनों में विरोधाभास

कॉलोनाइजर द्वारा प्रस्तुत नक्शे में इस क्षेत्र को ह्लचौबीसी एक्सटेंशनह्व दशार्या गया है, जबकि रजिस्ट्रियों में इसे ह्लओल्ड एरिया आदर्श नगरह्व लिखा गया है। हैरानी की बात यह है कि सरकार द्वारा निर्धारित कलेक्टर रेट सूची में इन दोनों नामों का कहीं भी उल्लेख नहीं है।ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि रजिस्ट्री किस मान्य आधार पर की जा रही है।

**पार्क मौजूद, फिर भी मान्यता पर सवालः** स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में पार्क दशार्या गया है, लेकिन इसके अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। लगभग 6 एकड़ भूमि में अभी तक केवल 2झ3 मकान निमार्णाधीन हैं, जबकि नगर पालिका के नियमों के अनुसार किसी कॉलोनी को अधिकृत करने के लिए न्यूनतम बसावट आवश्यक होती है।

**योजनाओं के तहत सुविधाएं कहां? :** यदि कोई कॉलोनी दीनदयाल योजना या अन्य सरकारी नीति के तहत अधिकृत होती है, तो उसमें कम्युनिटी सेंटर, सीवरेज/ड्रेनेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सड़कें व अन्य नागरिक सुविधाएं अनिवार्य होती हैं। ओल्ड एरिया आदर्श नगर में पार्क के अलावा इन सुविधाओं को लेकर कोई सार्वजनिक दस्तावेज या अधिसूचना उपलब्ध नहीं है।

**7 करोड़ के लेनदेन की चर्चा, जांच जरूरी :** सूत्रों के अनुसार, इस क्षेत्र को अधिकृत कॉलोनी के रूप में दशार्ने को लेकर करीब 7 करोड़ रुपये के लेनदेन की चर्चा भी सामने आ रही है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इस पर स्थिति स्पष्ट की है।

## संक्षिप्त खबरें

### ढाई महीने बाद प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र स्थित दौलत नगर कॉलोनी में संचालित प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद आतिफ हसन के कार्यालय पर फायरिंग करने वाला 20 दिसंबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पाबी सादकपुर निवासी नाजिम है, जो पिछले करीब ढाई महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है। वारदात के बाद ही वह जिले से बाहर भाग गया था। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 30 सितंबर को दिल्ली निवासी प्रापर्टी डीलर मोहम्मद आतिफ हसन के कार्यालय पर नाजिम और उसके साथियों ने फायरिंग करते हुए तोड़फोड़ की थी।

### एमसीडी कर्मी के घर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** बॉर्डर थानाक्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी निवासी एमसीडी कर्मचारी पवन शर्मा के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला 20 दिसंबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पुष्पांजलि विहार का रहने वाला सुमित है। उसके पास से कुछ जेवरात, एक मोबाइल और 200 रुपये की नगदी बरामद हुई है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 16 दिसंबर को आरोपी ने चोरी को अंजाम दिया था। मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे का ताला तोड़ कर जेवरात, नगदी व मोबाइल चुराया था। गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में आरोपी के पास से एक मंगलसूत्र, गले का हार, कान के कुंडल, गले की चेन, माथे का टीका, चांदी का सिक्का, पायल, एक मोबाइल, 200 रुपये बरामद हुए हैं।

### कहासुनी के बाद दोस्त के गले पर मारी चाभी, तीन गिरफ्तार

**खोड़ा, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** इंदिरापुरम क्षेत्र के रहने वाले अतुल यादव के गले पर चाभी मारकर हत्या का प्रयास करने वाले उनके तीनों दोस्त 20 दिसंबर को खोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें खोड़ा के प्रेम विहार कॉलोनी निवासी निखिल राणा, अभिषेक कश्यप और कला एनक्लेव निवासी दीपक हैं। 18 दिसंबर को तीनों का अतुल से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने हत्या के प्रयास में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

## बहनोई को सुसाइड नोट भेजकर व्यापारी ने किया आत्मदाह, चार पर प्राथमिकी

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



शालीमार गार्डन के प्लॉट नंबर 700 निवासी ऑटोमोबाइल पार्ट्स व वाहन विक्रेता निखिल तनेजा ने साहिबाबाद के अराधना मार्ग स्थित अपने शोरूम में ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली। मामला 18 दिसंबर का है और 19 दिसंबर की शाम सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। खुद को आग के हवाले करने से पहले उन्होंने अपने बहनोई प्रमोद जुल्का के व्हाट्सएप पर सुसाइड नोट भी भेजा था। उनकी पत्नी सोनिया तनेजा ने हादसे का कारण पति के साझेदार ऑटोमोबाइल पार्ट्स व वाहन डीलर संगम होंडा डीलर शोरूम के मालिक से रुपये न मिलने और धमकी दिए जाना बताया है। पुलिस ने डीलर दंपति समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में सोनिया तनेजा ने बताया कि उनके पति निखिल तनेजा की अंबे मोटर्स के नाम से डीलर एजेंसी है। संगम होंडा शोरूम (सनगिरी) से उनकी साझेदारी थी। शोरूम से सामान व वाहन बिकवाने पर उन्हें कमीशन मिलता था। बताया कि कमीशन की बड़ी रकम होंडा शोरूम के मालिक प्रीति नरूला और उनके पति रोहित नरूला पर बकाया हो गई थी। कई बार उनके पति ने अपने हिस्से की रकम आरोपियों से मांगी लेकिन हर बार टाल मटोल होती रही। आरोप है कि जब 16 दिसंबर को पति शोरूम के मालिक से रुपये लेने गए तब आरोपियों ने रकम देने से तो इन्कार किया ही साथ ही दोबारा आने पर देख लेने की धमकी दे डाली और शोरूम से जाने को कह दिया। इसके बाद से वह मानसिक तौर पर परेशान थे। 18 दिसंबर को वह अपने शोरूम पहुंचे और ज्वलनशील पदार्थ मंगाकर अपने ऊपर छिड़का व खुद को आग के हवाले कर दिया। यह कदम उठाने से पहले उन्होंने अपने बहनोई को जो सुसाइड नोट भेजा था उसे पढ़ने के बाद वह तुरंत शोरूम पहुंचे लेकिन तब तक शरीर 80 फीसदी तक जल चुका था।

उन्हें तुरंत पास के ही निजी अस्पताल ले गए लेकिन वहां गंभीर हालत को देखते हुए भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद पति को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन देर रात सफदरजंग रेफर कर दिया गया। 19 दिसंबर की सुबह पति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### सपने चकनाचूर हो गए, भविष्य भी हो गया जीरो...

16 दिसंबर को रुपये न मिलने पर जब निखिल तनेजा घर पहुंचे तब उदास चेहरा देख पत्नी ने बातचीत की। काफी पूछने के बाद उन्होंने पत्नी सोनिया से कहा कि उनके सारे सपने चकनाचूर हो गए। उनका भविष्य जीरो हो गया है और पूरे जीवन की कमाई चली गई। अब बच्चों को कैसे पाल सकेंगे। पत्नी को रुपये न मिलने की बात बताई। पत्नी ने उन्हें समझाया और धीरे-धीरे सब ठीक होने का दिलासा देते हुए समझाने का प्रयास भी किया लेकिन आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट चुके व्यापारी निखिल तनेजा की मनोस्थिति उनकी पत्नी भी नहीं समझ पा रही थीं।

## चार दिन से स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल, नहीं पहुंच रहे मरीज

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**




चार दिन से राजेंद्र पार्क स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। यह स्वास्थ्य केंद्र पिछले कई वर्षों से किराए की बिल्डिंग में संचालित हो रहा है। जानकारी के अनुसार बीते सात माह से बिजली बिल बकाया चल रहा था, लेकिन निर्धारित समय पर भुगतान नहीं होने के कारण बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया है। बिजली विभाग की ओर से एक माह पहले नोटिस भी जारी किया गया था, बावजूद इसके बिल जमा नहीं किया गया।

बिजली गुल रहने से स्वास्थ्य केंद्र में अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे डॉक्टरों और स्टाफ को उपचार करने में भारी परेशानी हो रही है। मरीजों की जांच, दवा वितरण और अन्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। अंधेरे और अव्यवस्था के कारण कई मरीज इलाज के लिए केंद्र तक पहुंचने से बच रहे हैं। स्थानीय निवासी सुशीला ने बताया कि स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवा में इस तरह की लापरवाही चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र बकाया बिल जमा कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को समय पर समुचित इलाज मिल सके और सुविधाएं सामान्य।

### अंधेरे में हुई थी डिलीवरी

इस साल अगस्त माह में बिजली व्यवस्था बाधित होने के कारण स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई थी। बिजली व्यवस्था की लचर हालत के चलते एक गर्भवती महिला की डिलीवरी मोमबत्ती की रोशनी में करानी पड़ी थी। डिलीवरी की प्रक्रिया के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई जिससे अस्पताल में अंधेरा छा गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि अस्पताल में तो इन्वर्टर था लेकिन किसी तरह का जनरेटर बैकअप नहीं।

## एसटीएफ टीम पर गोली चलाने के दोषी को 5 साल की सजा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



एसटीएफ हिसार टीम पर नाहरपुर रूपा गांव में गोली चलाने के मामले में जिला अदालत ने एक दोषी को पांच साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी सुदर्शन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में अदालत ने आरोपी विजय और तालिब को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश सौरभ गुप्ता की अदालत ने दिया है। एसआई कर्मजीत की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

14 जनवरी 2016 को हिसार एसटीएफ टीम नाहरपुर रूपा गांव में जींद में दर्ज हुए एक मामले में पहुंची थी। उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी सुदर्शन के घर पर ठहरा हुआ है। उनकी टीम ने सुदर्शन के घर की घेराबंदी करके आवाज लगाई तो अंदर से चार-पांच युवक बाहर आए। उन्होंने टीम को धमकी देते हुए कहा कि इन्हें गोलियों से भून देंगे। इसके बाद युवकों की तरफ से गोली चलाई गई लेकिन पुलिस टीम सुरक्षित रही। टीम ने सुदर्शन को मौके से गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल से टीम को एक कट्टा, एक पिस्टल, 30 कारतूस और एक खाली गोली बरामद की।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार चलाना सीख रहे युवक ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** कोहरे के दौरान दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर चालक ने कार बीच वाली लेन में अचानक बैक करके मोड़ने का प्रयास किया। पीछे से तेज गति से आई कार उससे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। कार मालिक गौरव का कहना है कि उसने जब डीएमई पर इस तरह कार बैक करने का कारण पूछा तो आरोपी चालक सक्षम ने बताया कि वह कार चलाना सीख रहा है। उसे नियमों की अभी अधिक जानकारी नहीं है। पीड़ित ने विजयनगर थाने में आरोपी चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

लोनी के इंदिरापुरी निवासी गौरव कुमार 10 दिसंबर की रात करीब साढ़े दस बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से गाजियाबाद जा रहे थे। विजयनगर के पास उनकी कार लापरवाही से पीछे आ रही कार से टकरा गई। हादसा होने के बाद उन्होंने गाड़ी चालक सक्षम को पकड़ लिया। गौरव का कहना है कि गाड़ी चालक सक्षम ने बताया कि वह गाड़ी चलाना सीख रहा है। उसे गाड़ी चलाने की पूरी जानकारी नहीं है। पीड़ित का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर इस तरह गाड़ी बैक नहीं की जा सकती है। गाड़ी चालक एक्सप्रेसवे की मध्य लेन पर ही अपनी गाड़ी बैक कर रहा था। इस वजह से यह दुर्घटना हुई।

## नई ईवी पॉलिसी का खाका तैयार, अगले वर्ष होगी लागू; मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जताई यह उम्मीद

» **दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

दिल्ली सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति का खाका तैयार कर लिया है। अगले वित्त वर्ष में इसे लागू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि सरकार चाहती है कि इलेक्ट्रिक वाहन अपनाना इतना आसान हो कि यह हर दिल्लीवासी की पहली पसंद बन जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईवी पॉलिसी प्रदूषण को नियंत्रित करेगी। अभी गैर ईवी वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण का एक बड़ा कारक है। सरकार नई नीति केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि दिल्ली को एक स्वच्छ भविष्य देने के लिए ला रही है। दिल्ली का हर नागरिक जब ईवी अपनाएगा, तभी पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर में सीधी गिरावट आएगी। नई पॉलिसी में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सब्सिडी खास रहेगी, जिससे दिल्ली न केवल देश की, बल्कि दुनिया की ईवी राजधानी बनेगी।




### कीमतें कम करेगी सरकारी सब्सिडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से वित्तीय प्रोत्साहन मिलने से इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें घट जाएंगी। ईवी वाहन खरीदने के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क को पहले ही समाप्त किया है, जिससे नई गाड़ी खरीदना काफी सस्ता हो जाएगा। सरकार ने पुराने वाहनों के लिए स्क्रैपिंग प्लान बनाया है। सरकार प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए स्क्रैपिंग इंसेंटिव योजना ला रही है। यदि कोई नागरिक अपना पुराना पेट्रोल या डीजल वाहन कबाड़ (स्क्रैप) करता है, तो उसे नया ईवी वाहन खरीदने पर अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को दिल्ली से ताकत मिलेगी। दिल्ली का भूगोल और जलवायु ऐसी है कि यहां जीरो उत्सर्जन वाहनों के अलावा कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है। इसलिए सरकार ईवी को लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरी मानती है। चाहे हर मध्यमवर्गीय परिवार को ईवी खरीदना पड़े, सबको सस्ती और अच्छी सुविधा देंगे।

### ईवी नीति पर सरकार की साझेदारों से मंथन

सरकार ने वाहन निर्माताओं से कहा है कि वे मांग के मुताबिक ईवी की आपूर्ति करें। कंपनियों को आगाह किया गया है कि वे वाहनों की लागत वाजिब रखें। नीति को अंतिम रूप देने से पहले बिजली कंपनियों, वाहन निर्माताओं और स्क्रैप डीलरों के साथ विस्तृत चर्चा चल रही है और मसौदा जनता के सुझावों के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

## तीन लोगों के खातों से साइबर ठगों ने निकाले 2.45 लाख

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



ट्रांस हिंडन जोन के इंदिरापुरम और कौशांबी थानाक्षेत्र में रहने वाले तीन लोगों को साइबर ठगों ने निशाना बनाया और 2.45 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दे डाला। वैशाली सेक्टर दो निवासी सुधीर कुमार सिंह से 15 नवंबर को 96000 रुपये की ठगी हुई। वहीं सेक्टर चार निवासी सुशांत किशोर से 12 अक्तूबर को 85000 रुपये और नीतिखंड की रहने वाली नीतू चतुर्वेदी के खाते से 64 हजार रुपये साइबर ठगों ने निकाल लिए। वारदात को पोस्ट ऑफिस कस्टमर केयर अधिकारी बनकर और एपीके फाइल का लिंक भेजकर अंजाम दिया गया। दोनों थानों की पुलिस ने 19 दिसंबर की रात तीनों मामलों की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

सुधीर कुमार सिंह ने अपनी तहरीर में बताया कि 15 नवंबर की सुबह करीब 7:00 बजे बिना ओटीपी आए बिना किसी से जानकारी साझा किए उनके बैंक खाते से तीन बार में 96000 रुपये निकाल लिए गए। वहीं सेक्टर चार निवासी सुशांत किशोर ने बताया कि 12 अक्तूबर को उनके पास अंजान नंबर से कॉल आई थी। बात कर रहे व्यक्ति ने खुद को पोस्ट ऑफिस कस्टमर केयर अधिकारी बताया। इसके बाद अलग-अलग स्कीम बताकर उन्हें एपीके फाइल भेजी और खाते की जानकारी हासिल की। तब जाकर उनके खाते से पांच बार में 85000 रुपये निकाल लिए।

वहीं इंदिरापुरम के नीतिखंड निवासी नीतू चतुर्वेदी ने दर्ज मामले में बताया कि 16 सितंबर को उनका मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने दो बार में खाते से 64000 रुपये निकाल लिए थे। सुशांत और नीतू ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत साइबर अपराध पोर्टल पर की थी।

# सीतारमण ने डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल पर की चर्चा, प्रक्रियाओं को आसान और पारदर्शी बनाना उद्देश्य

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



**सीतारमण ने कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ मिलकर कर्नाटक के विजयनगर जिले के हम्पी में वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के चिंतन शिविर की अध्यक्षता की**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को प्रक्रियाओं को आसान बनाने, रेगुलेटरी अनुमान, विभागों के बीच तालमेल से काम करने, फंड के कुशल प्रवाह, भविष्य के लिए तैयार टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन, लगातार ग्रोथ के लिए फाइनेंसिंग के तरीके और पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही के लिए डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल करने पर चर्चा की।

सीतारमण ने कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ मिलकर कर्नाटक के विजयनगर जिले के हम्पी में वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के चिंतन शिविर की अध्यक्षता की।

वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सभी सचिव, सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) और सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) के चेयरमैन और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद थे। साथ ही वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

एआई, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और विकसित भारत के लिए फाइनेंसिंगह्न पर एक सत्र में, चर्चा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड सिस्टम और प्रोसेस रिफॉर्म्स के इस्तेमाल से संस्थागत क्षमता और पॉलिसी बनाने को मजबूत करने पर केंद्रित थी, ताकि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाया जा सके। सीतारमण ने विजयनगर क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व पर भी बात की, यह देखते हुए कि यह सिर्फ 500 साल पहले अपने चरम पर एक भारतीय साम्राज्य के सबसे करीबी उदाहरणों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी छाप उपमहाद्वीप के बड़े हिस्सों में दिखाई देती है। उन्होंने उसी जिले के विरोधाभास पर भी ध्यान दिलाया, जहां शानदार स्मारक सूखे से प्रभावित क्षेत्रों के साथ मौजूद हैं, जहां कम कृषि उत्पादकता और मानव-पशु संघर्ष है, जो आज की विकास संबंधी वास्तविकताओं से जुड़े रहने की आवश्यकता पर जोर देता है।

इससे पहले दिन में, सीतारमण ने कर्नाटक के सरकारी स्कूलों में पांच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एसटीईएम और रोबोटिक्स लैब विकसित करने के लिए एक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) प्रोजेक्ट लॉन्च किया।

# भारत ने 2025 में हासिल किया नवीकरणीय ऊर्जा का बड़ा मुकाम

**कुल बिजली क्षमता का आधा हिस्सा अब गैर-जीवाश्म स्रोतों से**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



**❐ देश की कुल स्थापित क्षमता अब लगभग 510 गीगावॉट है, जिसमें 247 गीगावॉट जीवाश्म ईंधन और 262 गीगावॉट गैर-जीवाश्म स्रोतों से है।**

2025 में भारत ने पेरिस समझौते के तहत तय 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले ही अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त कर लिया। देश की कुल स्थापित क्षमता अब लगभग 510 गीगावॉट है, जिसमें 247 गीगावॉट जीवाश्म ईंधन और 262 गीगावॉट गैर-जीवाश्म स्रोतों से है। गैर-जीवाश्म स्रोतों में से 254 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से आता है। 2025 में लगभग 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी गई, जिसमें जनवरी से नवंबर के बीच 45 गीगावॉट शामिल हैं। इस दौरान 35 गीगावॉट सौर ऊर्जा का योगदान रहा। इस विस्तार के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना ने नवीकरणीय परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद की। उद्योग के अनुसार प्रति मेगावॉट निवेश आवश्यकता लगभग चार करोड़ रुपये है। भूमि अधिग्रहण, मार्ग अधिकार और बिजली खरीद समझौतों में देरी जैसी चुनौतियां नई परियोजनाओं को सीमित कर रही हैं।

हालांकि, सरकार को उम्मीद है कि 2026 में भी इसी रफ्तार से क्षमता जोड़ी जाएगी। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि भविष्य उज्ज्वल है और ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से संचालित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सहारा इंडिया पर बकाया वेतन का आरोप, लखनऊ में एफआईआर दर्ज

**काम किया पर नहीं मिली सैलरी, परेशान कर्मचारी**

**लखनऊ, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** सहारा इंडिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कंपनी के डिप्टी चीफ मैनेजर ओपी श्रीवास्तव और सहारा परिवार के खिलाफ अरिंदम बनर्जी और उनकी पत्नी शिवानी ने बकाया वेतन न मिलने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। मामला पहले कोलकाता के टेक्नोसिटी थाने में दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में इसे लखनऊ ट्रांसफर कर दिया गया। अब इसकी जांच गोमती नगर पुलिस करेगी। एफआईआर के अनुसार, अरिंदम और शिवानी 1 सितंबर 2016 से कंपनी के चेयरमैन ऑफिस में तैनात थे। अरिंदम का वेतन शुरू में 4.40 लाख रुपए मासिक था, जिसे 5.46 लाख रुपए किया गया। शिवानी का वेतन 81 हजार रुपए था। चार साल नौकरी के बाद दोनों ने छह महीने का वैतनिक अवकाश लिया, लेकिन इस दौरान भी ऑनलाइन कंपनी से जुड़े रहे। जुलाई 2022 में बकाया वेतन की मांग की गई और जून 2023 में कुछ राशि मिली। हालांकि, कुल बकाया वेतन और ब्याज मिलाकर 2.03 करोड़ रुपए होने के बावजूद सहारा इंडिया ने इसे अब तक पूरा भुगतान नहीं किया। कंपनी पहले से कई विवादों और कानूनी झंझटों में घिरी हुई है। यह मामला सहारा इंडिया के लिए नई कानूनी परेशानियों का कारण बन सकता है।

### सर्ट-इन ने एप्पल उपकरणों में सुरक्षा कमजोरियों की चेतावनी दी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सर्ट-इन) ने आईफोन, आईपेड, मेक और अन्य एप्पल उपकरणों में कई सुरक्षा कमजोरियों के बारे में चेतावनी दी है। इन कमजोरियों के कारण किसी हमलावर को मनमाना कोड चलाने, अधिक अधिकार हासिल करने, संवेदनशील डेटा चुराने और सिस्टम में बाधा डालने का खतरा हो सकता है। आईफोन के आईओएस 26.2 और पुराने वर्जऩ, आईपेड के आईपे▮डियोस 18.7.3 से पहले के संस्करण, मेक के मेकओए टेहो और सोनोमा के कुछ संस्करण प्रभावित हो सकते हैं। इन कमजोरियों से डेटा हेरफेर, स्पूफिंग, मेमोरी खराबी और सुरक्षा प्रतिबंधों को बायपास करने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सटइन ने एप्पल से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन जवाब नहीं मिला।

# भारत-ओमान सीईपीए से निर्यात और एनर्जी सुरक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**❐ बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में कहा गया है कि सीईपीए का मकसद ट्रेड और इन्वेस्टमेंट को बढ़ाना और टेक्सटाइल, लेदर, फुटवियर, रत्न और आभूषण और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स जैसे अधिक श्रम उपयोग वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर के लिए निर्यात के मौके को बढ़ाना है।**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



भारत-ओमान कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) से भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, एनर्जी की आपूर्ति भी सही कीमतों पर सुनिश्चित होगी। यह जानकारी शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में कहा गया है कि सीईपीए का मकसद ट्रेड और इन्वेस्टमेंट को बढ़ाना और टेक्सटाइल, लेदर, फुटवियर, रत्न और आभूषण और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स जैसे अधिक श्रम उपयोग वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर के लिए निर्यात के मौके को बढ़ाना है।

इसके अलावा, इसका मकसद शिक्षा, स्वास्थ्य, कंप्यूटर, बिजनेस, प्रोफेशनल और आरएंडडी सेवाओं में सेवा प्रतिबद्धता को भी बढ़ाना है।

बैंक ने कहा, ह्लयह भारत की वैश्विक बाजार तक पहुंच बढ़ाने और निर्यात प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सीईपीए के तहत भारतीय सामानों के लिए ओमान की 98.08 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर जीरो ड्यूटी एक्सेस की अनुमति मिली है, जबकि भारत ने अपनी कुल टैरिफ लाइनों के 77.79 प्रतिशत पर ओमानी सामानों को जीरो ड्यूटी एक्सेस दिया है।

वित्त वर्ष 25 में ओमान को भारत का निर्यात 4.1 बिलियन डॉलर था, जो कुल निर्यात का लगभग 0.9 प्रतिशत है और यह पिछले पांच सालों में 12.4 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से बढ़ा है। इसमें कहा गया है कि यह समझौता भारत के तेल आयात बिल को कम करने और भविष्य में ज्यादा विकल्पों की तलाश में मदद करेगा, और यह भी बताया गया कि समझौते में बताए गए मुख्य सेक्टर ओमान को भारत के कुल एक्सपोर्ट का लगभग 39 प्रतिशत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ह्लयह भारत के कुल एक्सपोर्ट बास्केट के लिए अच्छा है, ऐसे समय में जब अमेरिका द्वारा ज्यादा टैरिफ रेट के कारण लागत का फायदा उठाने के लिए कुछ एक्सपोर्ट को री-रूट किया जा रहा है।

बैंक ने बताया कि जीरो-ड्यूटी समझौता वैल्यू के हिसाब से ओमान को भारत के 99.38 प्रतिशत एक्सपोर्ट को कवर करता है और वैल्यू के हिसाब से ओमान से भारत के 94.81 प्रतिशत इंपोर्ट को कवर करेगा।

# रियाल की बढ़ती कीमतों से हज यात्रा हुई महंगी

**2020 से 2025 तक प्रति यात्री खर्च लगभग 55,000 रुपये बढ़ गया**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**



हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय नागरिक अब और अधिक खर्च उठाने के लिए तैयार रहना पड़ रहा है। सऊदी रियाल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हज यात्रा 2020 से 2025 तक लगभग 19 प्रतिशत महंगी हो गई है। कमजोर भारतीय रुपए के चलते रियाल के दाम बढ़ते जा रहे हैं, जिससे देश के डेढ़ लाख यात्रियों और प्रदेश के लगभग 6,500 चयनित लोगों पर इसका सीधा असर पड़ा है। साल 2025 में रियाल की कीमत 23.88 रुपए प्रति रियाल तक पहुंच गई है, जो पिछले पांच साल में लगभग 4 रुपए की बढ़ोतरी है। इसी वजह से प्रत्येक हज यात्री का खर्च लगभग 55,000 रुपए बढ़ गया है। यह बढ़ोतरी यात्रा की कुल लागत पर सीधे असर डाल रही है। पिछले वर्षों की तुलना करें तो साल 2020 में हज यात्रा का खर्च 2.70 लाख रुपये था, जब रियाल का मूल्य 19.60 रुपये था। कोविड-19 महामारी के कारण 2021 में हज यात्रा स्थगित कर दी गई। 2022 में हज यात्रा का खर्च बढ़कर 3.75 लाख रुपये और रियाल की कीमत 21.90 रुपये हो गई। 2023 और 2024 में क्रमशः खर्च 3.50 लाख और 3.20 लाख रुपये, और रियाल की कीमत 22.15 और 22.65 रुपये रही। इस बार 2025 की हज यात्रा में यात्रियों को और अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव और रुपए की कमजोर स्थिति से हज यात्रा के खर्च पर असर पड़ता रहेगा।

वहीं मध्यप्रदेश से चयनित 6,500 लोगों के लिए यह बढ़ी हुई लागत चुनौती बन सकती है। इस प्रकार रियाल के बढ़ते दाम और रुपए की गिरती कीमत हज यात्रा को महंगा बनाकर सामान्य भारतीय परिवारों पर वित्तीय दबाव डाल रहे हैं।

# घरेलू थोक बाजार में चावल और गेहूं में तेजी, चीनी और दालें सस्ती

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** घरेलू थोक जिंस बाजार में बीते सप्ताह चावल की कीमतों में मजबूती देखी गई। सप्ताह के दौरान चावल का औसत भाव 71 रुपये बढ़कर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार ग्राहकी में वृद्धि और मांग की मजबूती के कारण चावल के भाव में यह उछाल आया है। गेहूं की कीमतों में भी बढ़ोतरी रही। गेहूं का औसत भाव 10 रुपये की वृद्धि के साथ 2,858.33 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।



गेहूं की मांग में थोड़ा इजाफा और भंडारण की रणनीतियों के कारण कीमतों में यह मामूली बढ़ोतरी हुई। आटे की कीमतें इस सप्ताह लगभग स्थिर रही। आटे का भाव 3,305.69 रुपये प्रति क्विंटल पर दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि आटे की सप्लाई पर्याप्त होने के कारण इसमें कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं हुआ। बीते सप्ताह चीनी और दालों के बाजार में गिरावट रही। इसकी मुख्य वजह उत्पादन में वृद्धि और मांग की तुलना में उपलब्धता अधिक होना बताया जा रहा है।

दालों और चीनी की कीमतें ग्राहकों के लिए कुछ राहत देने वाली रही हैं। खाद्य तेलों के भाव में इस सप्ताह अस्थिरता देखी गई। कुछ तेलों में मामूली बढ़ोतरी रही, तो कुछ में कीमतें घटीं।

# एसबीआई का आवास ऋण पोर्टफोलियो 10 लाख करोड़ के करीब

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का आवास ऋण पोर्टफोलियो अगले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर सकता है। बैंक की इस समय आवास ऋण बही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, जो इसकी सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है और कुल परिसंपत्तियों का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाती है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी के अनुसार, बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में आवास ऋण को 8.31 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर नौ लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंचाया। इस दौरान सालाना आधार पर वृद्धि दर 14.4 प्रतिशत रही। बैंक अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 10 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य की दिशा में बढ़ रहा है। एसबीआई ने अपने आवास ऋण पोर्टफोलियो को मार्च 2011 में केवल 1 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर नवंबर 2025 तक 9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया। इस दौरान बैंक ने लगातार स्थिर और संरचित तरीके से ऋण वितरण किया। बैंक की सक्रिय निगरानी और प्रबंधन के कारण आवास ऋण खंड में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स की दर 1 प्रतिशत से कम बनी हुई है, जिससे यह ऋण सुरक्षित और भरोसेमंद बना हुआ है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा

## 6 महिलाओं सहित 7 आरोपी गिरफ्तार



» फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने दिल्ली के मोती नगर इलाके में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 6 महिलाओं सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी क्रेडिट कार्ड पर अनिवार्य सर्विस के नाम पर लोगों से ठगी कर रहे थे।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। पीड़ित को एक अंजान कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को एसबीआई क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताया। कॉलर ने कहा कि सरकार की ओर से एक अनिवार्य क्रेडिट कार्ड सर्विस लागू की गई है जिसे न लेने पर खाते से पैसे कट जाएंगे।

डर के माहौल में पीड़ित को एक लिंक भेजा गया, जिस पर क्लिक करने के बाद उससे 20 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया।

### महिलाएं करती थीं कॉलिंग, १० हजार सैलरी तय

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अनूप डडवाल (40) ने मोती नगर दिल्ली में किराये के फ्लैट में फर्जी कॉल सेंटर खोल रखा था। महिला आरोपी योगेश्वरी टीम लीडर, विजया एचआर और ट्रेनिंग संभालती थी, जबकि अन्य महिलाएं कॉलर का काम करती थीं। आरोपियों से 12 सिम कार्ड और 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद सिम से फरीदाबाद जिले के तीन अन्य ठगी मामलों का भी खुलासा हुआ है। अनूप डडवाल और योगेश्वरी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# लाइक-शेयर के नाम पर बचपन से खिलवाड़

## सोशल मीडिया पर परोसी जा रही बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

राष्ट्रीय राजधानी में सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री परोसी जा रही है और यह बेजा हरकत लोग महज लाइक और शेयर के नाम पर कर रहे हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एण्ड चिल्ड्रन (एसपीयूडब्ल्यूसी) ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 60 प्राथमिकी इस वर्ष यानी एक जनवरी से लेकर 15 दिसंबर तक दर्ज करवाई हैं। हालांकि इनका देखना (व्यू) और भेजना (शेयर) काफी कम है।

एसपीयूडब्ल्यूसी की पुलिस उपायुक्त अंजिता चेप्याला ने बताया कि सात प्राथमिकी रिपीट ऑफेंडर (बार-बार अपराध करने पर) के खिलाफ दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि सभी मामलों में जांच चल रही है। एसपीयूडब्ल्यूसी की सीएसईएम सेल ऐसे मामलों को देखने के लिए दिल्ली राज्य की नोडल इकाई है और ऑनलाइन बाल शोषण का मुकाबला करने के लिए आई4सी और एनसीएमईसी के साथ मिलकर काम करती है।

एसपीयूडब्ल्यूसी के एनसीएमईसी सेल दिल्ली में बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री(सीएसईएम) का मुकाबला करने के लिए काम कर रही है। एसपीयूडब्ल्यूसी राष्ट्रीय लापता और शोषित बच्चे केंद्र (एनसीएमईसी) से भारतीय साइबर अपराध केंद्र (आई4सी) और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के माध्यम से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट (अलर्ट, सीटीआर) को संभालता है। साइबर टिपलाइन रिपोर्ट (जैसे एनसीएमईसी) दिखाती हैं कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री, खासकर ऑनलाइन बहकावे और बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसईएम) के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिससे पता चलता है कि बच्चों को लक्षित करने वाली अश्लील सामग्री का प्रसार बढ़ रहा है, जिसके कारण ऑनलाइन उत्पीड़न और यौन शोषण की रिपोर्टें बढ़ रही हैं।

**ऑनलाइन बहकावे में भारी वृद्धि :** एनसीएमईसी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, ऑनलाइन बहकावे (जब कोई वयस्क यौन उद्देश्यों के लिए बच्चे से संपर्क करता है) के मामलों में 192% की भारी वृद्धि देखी गई, जिसमें यौन शोषण की सामग्री (सीएसईएम) और बाल यौन तस्करी से संबंधित रिपोर्टें भी बढ़ी हैं। बाल यौन शोषण सामग्री यह साइबर टिपलाइन पर सबसे बड़ी रिपोर्टिंग श्रेणी बनी हुई है।



ऑनलाइन बहकावे के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई

पीड़ितों की पहचान करने(विक्टिम आईडेंटीफिकेशन) के लिए एनसीएमईसी सेल के पुलिस कर्मियों को आई4सी से ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है, ताकि आरोपी जल्द ही पकड़े जा सकें। पीड़ितों की पहचान के लिए आई4सी के पास बहुत सारे नए टूल्स आए है। इससे ये होगा कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट ठीक से दाखिल की जा सकेगी। साथ ही आरोपियों को सजा देने का ग्राफ भी बढ़ेगा।

# 22 एकड़ जमीन बेचने का झांसा देकर 28 लाख की ठगी

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

नूंह जिले में कृषि भूमि दिलाने के नाम पर एक बिल्डर कंपनी के पार्टनर से 28 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन की रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर आरोपियों ने रकम वसूल ली, लेकिन न तो जमीन दिलवाई और न ही पैसे वापस किए। पीड़ित की शिकायत पर सेंट्रल थाना पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-16 फरीदाबाद निवासी वेद प्रकाश बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक बिल्डर कंपनी में पार्टनर हैं और प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि गांव लोहिना, होडल पलवल निवासी धर्मपाल का उनके कार्यालय में आना-जाना था। धर्मपाल ने उन्हें नूंह जिले की पुन्हाना तहसील के गांव जड़ोली में लगभग 22 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ होने की जानकारी दी।

पीड़ित के अनुसार वह कृषि फार्म हाउस बनाना चाहते थे, इसलिए 25 जून 2023 को धर्मपाल के साथ उक्त जमीन देखने गए। जमीन पसंद आने के बाद आरोपी धर्मपाल ने जमीन मालिकों से सौदा कराने का भरोसा दिया। 28 जून 2023 को धर्मपाल सहित अन्य आरोपी पुन्हाना निवासी सपात खान, पचनाका हथीन निवासी ईसब व तैयब, सराय खटेला पलवल निवासी जान मोहम्मद




और जड़ोली निवासी नियाज मोहम्मद उनके सेक्टर-16 स्थित कार्यालय पहुंचे और खुद को जमीन का असल मालिक बताया।

आरोप है कि सभी ने आश्वासन दिया कि जब भी चाहेंगे, सीधे तौर पर जमीन की रजिस्ट्री करा देंगे। आपसी सहमति से पहले 14.47 एकड़ जमीन का सौदा 18 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से तय हुआ। उसी दिन आरोपियों को दो लाख रुपये बतौर बयाना दे दिए गए। पीड़ित ने बताया कि जुलाई में रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई, लेकिन आरोपी बार-बार टालते रहे। बाद में 25 जुलाई को सेक्टर-12 में इकरारनामा कराया गया और आरोपियों की मांग पर कुल कीमत का करीब 10 प्रतिशत यानी लगभग 26 लाख रुपये उन्हें दे दिए गए।

इसके बावजूद न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई गई और न ही बाकी जमीन दिलाई गई। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# डेढ़ लाख रुपये की लूट में चार आरोपी गिरफ्तार

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

पर्वतीय कॉलोनी मार्केट स्थित सोनिया चौक पर हथियार के बल पर डेढ़ लाख रुपये की लूट के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने वारदात में शामिल चार आरोपियों को अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) और फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

शनिवार को पुलिस लाइन सेक्टर-30 में सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध-2) वरुण कुमार दहिया ने बताया कि 17 दिसंबर को चमन निवासी फरीदपुर ने थाना सारन में शिकायत दर्ज कराई थी। चमन कन्फेक्शनरी का सामान सप्लाई करने के साथ-साथ दुकानों से पेमेंट कलेक्शन का काम करता है। घटना वाले दिन वह पर्वतीय कॉलोनी मार्केट में दुकानों से पैसे



लेने गया था।

उन्होंने बताया कि कन्हैया लाल की दुकान से 21,200 रुपये लेने के बाद जब वह सोनिया चौक से आगे बढ़ा तभी गली में खड़े बाइक सवार तीन युवकों में से दो ने हथियार दिखाकर उसका पिट्ठू बैग छीन लिया जिसमें करीब डेढ़ लाख रुपये थे। मामले में थाना सारन में लूट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।

# गाड़ी में आई थी खराबी, कंपनी देगी 50 हजार का मुआवजा

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।

गाड़ी खरीदने के कुछ समय बाद से ही उसमें खराबी आने पर कंपनी को खरीदार को 50 हजार रुपये का मुआवजा देना होगा। यह आदेश जिला उपभोक्ता निवारण आयोग के अध्यक्ष संजीव जिंदल ने दिया है।

हरसरू तहसील के गढ़ी गांव निवासी रविंद्र कुमार ने आयोग में दायर की याचिका में बताया कि उन्होंने 2021 में निसान कंपनी की निसान मैग्नाइट गाड़ी खरीदी थी। इसके साथ ही उन्होंने फास्टैग के 500 रुपये और घर पर डिलीवरी करने के लिए 6500 रुपये दिए थे। उनका कहना है कि गाड़ी खरीदने के कुछ समय बाद से ही गाड़ी में कई प्रकार की खराबी आने लगी थी। इस दौरान उनकी गाड़ी का इंजन भी खराब हो गया था। उसको ठीक कराने के लिए उनका करीब 68 हजार



रुपये का खर्च हुआ था। इसके साथ ही उन्होंने आयोग को बताया कि 7000 हजार रुपये देने के बावजूद उनको फास्टैग नहीं दिया गया। आयोग में मामले की सुनवाई के दौरान कंपनी की तरफ से 7000 हजार रुपये उन्हें वापस कर दिए गए थे।

आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कंपनी को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को 50 हजार रुपये का मुआवजा नौ प्रतिशत की दर से दे।

# सर्दियों में बढ़ा निमोनिया का खतरा, बच्चों और बुजुर्गों की ओपीडी में भीड़

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** सर्दी के मौसम में बच्चों और बुजुर्गों में निमोनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एमएमजी और संयुक्त अस्पताल की ओपीडी में रोजाना औसतन 35 से 40 बुजुर्ग और बच्चे इस बीमारी के इलाज के लिए आ रहे हैं। चिकित्सक चेतावनी दे रहे हैं कि सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

संयुक्त अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि बच्चों में निमोनिया की वजह आमतौर पर वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण होता है। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में बदलाव और कमजोर



प्रतिरोधक क्षमता से यह बीमारी जल्दी फैलती है। डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि अक्सर माता-पिता बच्चों में खांसी या जुकाम की शिकायत नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन समय पर इलाज न मिलने पर यह निमोनिया में बदल सकता है।

**श्वसन प्रणाली कमजोर होने से निमोनिया का खतरा :** एमएमजी अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. संतराम वर्मा ने कहा कि बुजुर्ग और बच्चों में श्वसन प्रणाली कमजोर होने के कारण निमोनिया का गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि दवाई से अधिक सर्दी से बचाव जरूरी है। डॉ. संतराम ने लोगों को चेताया कि बुजुर्गों में प्रारंभिक लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। सर्दी में घर के अंदर पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन बनाए रखना भी संक्रमण को रोकने में मदद करता है। इसके साथ ही रोजाना हल्का व्यायाम और ताजे फल-सब्जियों का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि लोगों को स्वयं सतर्क रहने और बचाव के उपाय अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। विशेषज्ञों की सलाह है कि दवा पर अधिक निर्भर रहने की बजाय, रोकथाम के उपाय अपनाने से निमोनिया की गंभीरता को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**निमोनिया के बढ़ने के कारण :** मौसम में अचानक बदलाव और सर्दी का बढ़ना। कम तापमान और शुष्क हवा से श्वसन मार्ग पर असर। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों में। प्रदूषण और धूल से फेफड़ों पर अतिरिक्त दबाव।

# संक्षिप्त खबरें

## सोसाइटी में बाउंसरों ने युवक के साथ की मारपीट

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** सेक्टर-102 स्थित बीपीटीपी एम्स्टोरियो सोसाइटी में शुक्रवार को भूमिगत पानी के टैंक के ऊपर कंपनी का कार्यालय बनाने को लेकर हुई कहासुनी में बाउंसरों ने एक युवक के साथ मारपीट की। आरोप है कि युवक के सिर पर ईंट से हमला किया गया था। पीड़ित के पिता ने राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस को शिकायत दी है। सोसाइटी निवासी नरेंद्र सिंह यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब सवा तीन बजे घर पर मौजूद थे। उसी दौरान उनकी बेटी ने बताया कि टैंक के पास आठ-10 लोग खड़े हुए हैं। उन्होंने वहां पर जाकर उनसे पूछा तो पता चला कि वह बीपीटीपी का कार्यालय टैंक के ऊपर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए को इसकी सूचना दी थी क्या। इस पर उन्होंने गाली- गलौज देते हुए धक्का देने लगे। उनके बेटे और बेटी बीच-बचाव करने आए तो आरोप है कि उन्होंने बेटे के सिर में ईंट से हमला कर दिया। सोसाइटी निवासियों का कहना है कि शनिवार को भी सोसाइटी में बाउंसर आए थे। धनकोट चौकी इंचार्ज महर लाल ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रेमी से शादी की कोशिश पर भाई के दोस्त ने गला घोंटकर की थी युवती की हत्या

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** अपनी पसंद के युवक से शादी करने की कोशिश करने पर भाई ने अपने दोस्त के साथ साजिश रचकर बहन का गला घोंटकर मार डाला। पुलिस से बचने के लिए शव को पचगांव के पास एक खंडहरनुमा झुग्गी में फेंक दिया था। पुलिस ने एक हफ्ते बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझा दिया है। युवती के भाई की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला एटा के बाबसा गांव निवासी रविंद्र और उसके दोस्त जिला आगरा के एत्मादुपर गांव निवासी पुष्पेंद्र के रूप में हुई है। 13 दिसंबर को पुलिस थाना मानेसर को सूचना मिली थी कि पचगांव से पाड़ा रोड पर एक खंडहरनुमा झुग्गी में एक युवती का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवती के गले पर चोट के निशान थे। युवती के दाहिने हाथ की कलाई पर गुड़िया लिखा हुआ था। युवती की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला एटा के बाबसा गांव निवासी सुशीला के रूप में हुई है।

# स्टेन ने हार्दिक को सुपरहीरो और सेलिब्रिटी खिलाड़ी बताया

## मानसिक रुप से मजबूत होने के कारण अन्य खिलाड़ियों पर रहते हैं हावी



**अहमदाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने आक्रामक पारी खेलने वाले भारतीय टीम के ऑलराउडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें सुपरहीरो कहा है।। स्टेन ने कहा कि पांड्या मानसिक रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं और उनकी चमक खेल में नजर आती है। पांड्या ने पांचवे टी20 में तेजी से अर्धशतक लगाते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

स्टेन ने कहा, हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। वह एक खिलाड़ी से आगे निकलकर से सेलिब्रिटी बन गये हैं। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो जैसे हो गये हैं जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता। उन्होंने कहा, इसमें कोई गलती जैसे बात नहीं है, ये अपनी धाक जमाने जैसी बात है। यह एक ऐसा प्रभाव है जिसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। आप इसे उनकी भाव भंगिमा में देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर हैं। इस प्रकार वह अन्य खिलाड़ियों से आगे है। स्टेन ने कहा कि उनके तेज गेंदबाजों का रुख सतर्क नहीं रहा। जिससे उनकी टीम को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ह्यह्यभारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रभाव अलग ही है।

# सैमसन का अंदर-बाहर होते रहने पर छलका दर्द

» **मुम्बई, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।**

भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में अच्छी बल्लेबाजी कर साबित किया है कि सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही वह बेहतर बल्लेबाजी करते हैं। सैमसन को शुरूआती चार मैचों में जगह नहीं मिली थी। शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें पारी की शुरूआत से हट दिया गया था जिसपर काफी सवाल भी उठे थे। वहीं उनकी टीम में जगह पक्की न होने को लेकर तर्क दिया जाता रहा है कि उनके खेल में निरंतरता की कमी रही है। शुभमन के चोटिल होने के कारण उन्हें अंतिम मैच में शामिल किय गया। वहीं समय-समय पर सैमसन ने टीम में जगह नहीं मिलने पर अपनी निराशा भी जाहिर की है। इरफान पठान से बातचीत के दौरान सैमसन का दिल का गुब्बार निकल या।. इस दौरान सैमसन ने कहा कि लगातार अंदर-बाहर होने से उनका हौंसला टूटा है। पठान ने उनसे पूछा, आप जब मैच नहीं खेल रहे थे तो मजे के लिए क्या कर रहे थे ?ह्व इसके जवाब में सैमसन ने कहा, मजे के लिए इंतजार कर रह था बस। आप जानते हो इरफान भाई चयन के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर नहीं सकते हैं। बस ट्रेनिंग करो और खुश रहो, जितना हो सकता है अपनी भागीदारी निभाओ। वहीं जब पठान ने पूछा कि जब आप नहीं खेल रहे थे तो टीम प्रबंधन आपके से क्या बात कर रही थी और कितना बात कर रही थी।

इसपर सैमसपन ने कहा, टीम का माहौल बहुत महत्वपूर्ण रहता है। हमारे लीडरशिप ग्रुप में कप्तान सूर्यकुमार और कोच गौतम गंभीर के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध है इसलिए संपर्क हमेशा रहा है। इसपर इरफान ने पूछा कि ऐसे में उम्मीद है कि हम आपको अब लगातार पारी शुरू करते देखेंगे। इसप सैमसन ने हंसते हुए कहा कि ऐसा पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है।






# कुब्रा सैत ने सियांग नदी पर पूरा किया राफ्टिंग अभियान

हाल ही में अभिनेत्री और होस्ट कुब्रा सैत ने अरुणाचल प्रदेश की दुर्गम धरती से निकलने वाली सियांग नदी पर एक असाधारण राफ्टिंग अभियान पूरा किया। यह यात्रा भारत-चीन सीमा के बेहद करीब स्थित तूतिंग कस्बे से शुरू हुई। जब भारतीय सेना के जवानों ने सियांग नदी के किनारे कुब्रा और उनकी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उसी क्षण यह साफ हो गया था कि यह कोई सामान्य रोमांच नहीं है। सामने थी करीब 180 किलोमीटर लंबी उग्र जलधारा, सात दिनों की लगातार राफ्टिंग और वह सपना, जो पिछले सात वर्षों से साकार होने की प्रतीक्षा कर रहा था। सियांग नदी अपनी विशालता और अनिश्चित स्वभाव के लिए जानी जाती है। यह ऐसी नदी नहीं, जिसे आसानी से काबू में किया जा सके। चौड़ी, तेज और हर पल बदलते मिजाज वाली इस नदी में राफ्ट पर कदम रखना, कुब्रा के लिए अपनी सहज सीमाओं से बाहर निकलने जैसा था।

सियांग ज़िले की गहराइयों में, मोबाइल नेटवर्क और आधुनिक सुविधाओं से दूर, जीवन अचानक बेहद सरल हो गया। दिन का पूरा क्रम बस चप्पू चलाने, सांस लेने, भोजन करने, विश्राम करने और फिर उसी प्रक्रिया को दोहराने तक सिमट गया। हर सुबह नदी से उठती धुंध किसी जीवित प्राणी की तरह चारों ओर फैल जाती थी और दोनों ओर खड़े पहाड़ मानो मौन प्रहरी बनकर इस यात्रा के साक्षी होते थे। कभी रैपिड्स खेल-खेल में बहा ले जाते, तो कभी वे पूरी एकाग्रता और सामंजस्य की मांग करते। घंटों तक चप्पू चलाना शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा लेता, वहीं नदी का बर्फीला पानी छोटी-सी चूक पर सजा देने से भी नहीं चूकता।

शो में अपने साथ एक अलग ही जादू लेकर आती थीं। नदी किनारे ऐसे अछूते तटों पर कैंप लगाए जाते, जो मानो किसी और समय से उधार लिए गए हों। तारों से भरा आसमान रात को रोशन कर देता और अलाव की लपटों के बीच साझा भोजन एक गहरे जुड़ाव का एहसास कराता। इन पलों में कुब्रा ने खुद को अपेक्षाओं, चिंताओं और रोजमर्रा की भागदौड़ से मुक्त महसूस किया। कुब्रा सैत कहती हैं कि यह केवल सात दिनों का राफ्टिंग अभियान नहीं था, बल्कि बारह दिनों का ऐसा अनुभव था, जिसने इंसानी समय-सारिणी को चुनौती दी। उनके मुताबिक, जमीन ने सम्मान सिखाया और नदी ने विनम्रता के बदले उन्हें जीवन को देखने का एक दुर्लभ नजरिया दिया। अभियान खत्म होने के बाद भी सियांग का प्रभाव उनके भीतर बना रहा। इस यात्रा ने न सिर्फ उनकी शारीरिक सीमाओं को परखा, बल्कि उनके भीतर के संसार को भी चुपचाप बदल दिया। सियांग की यह यात्रा ताकत दिखाने की नहीं, बल्कि उसे समझने की थी। तेज रफ्तार और दिखावे से भरी दुनिया में इस नदी ने कुब्रा सैत को धैर्य, उपस्थिति और दृष्टिकोण का महत्व सिखाया। यह रोमांच भले ही कुछ दिनों का रहा हो, लेकिन इसका असर स्थायी है, जो हमेशा यह याद दिलाता रहेगा कि सबसे अर्थपूर्ण यात्राएं वही होती हैं, जो इंसान को भीतर से बदल देती हैं।



# मानुषी ने सांझा किया अपना स्किनकेयर और लाइफस्टाइल रूटीन

बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपना स्किनकेयर और लाइफस्टाइल रूटीन साझा किया है, जो न सिर्फ सरल है बल्कि आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान–दोनों की कसौटी पर खरा उतरता नजर आता है। वीडियो की शुरूआत में मानुषी खुद को थोड़ा असहज और झिझकता हुआ महसूस करती दिखती हैं। वह स्वीकार करती हैं कि स्टेज पर बोलना उनके लिए कभी मुश्किल नहीं रहा, लेकिन इस तरह का पर्सनल वीडियो बनाना उनके लिए नया और थोड़ा घबराहट भरा अनुभव है। इसके बाद वह अपनी सुबह की दिनचर्या के बारे में बताती हैं, जो बेहद साधारण है। मानुषी का कहना है कि वह सुबह चेहरे पर किसी तरह का फेसवॉश या केमिकल युक्त क्लींजर इस्तेमाल नहीं करतीं, बल्कि सिर्फ सादे पानी से चेहरा धोना पसंद करती हैं। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह आदत खासतौर पर रूखी त्वचा वालों के लिए फायदेमंद मानी जाती है, क्योंकि बार-बार क्लींजर का इस्तेमाल त्वचा की प्राकृतिक नमी को कम कर सकता है। विज्ञान भी इस बात का समर्थन करता है कि जरूरत से ज्यादा क्लींजिंग से स्किन के नेचुरल ऑयल को नुकसान पहुंचता है। चेहरा धोने के बाद मानुषी तौलिये से रगड़ने की बजाय हल्के हाथों से थपथपा कर त्वचा को सुखाती हैं। वैज्ञानिक रूप से यह तरीका त्वचा पर होने वाले माइक्रो डैमेज को कम करने में मदद करता है। चेहरे पर नेचुरल ग्लो बनाए रखने के लिए मानुषी शहद का फेस मास्क इस्तेमाल करती हैं।

# मिलिंद सोमन ने बताया क्यों शहरों की तुलना में गांव के लोग हैं ज्यादा फिट

**मुंबई, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।** मशहूर अभिनेता और मॉडल मिलिंद सोमन हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा देते रहते हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में पिंकाथॉन मैराथन के बारे में विस्तार से चर्चा की। अभिनेता का मानना है कि आने वाले समय में यह महिलाओं के लिए सबसे बड़ी मैराथन टियर-2 और टियर-3 शहरों तक पहुंचेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं फिटनेस को लेकर जागरूक हों। उन्होंने कहा, हमारा विजन महिलाओं को प्रोत्साहित करना है कि वे अपनी सेहत का खास ख्याल रखें और स्वस्थ एवं फिट रहें। अगर महिलाएं रहेंगी तो उन्हें हेल्दी लाइफस्टाइल की समझ आएगी। फिर वे अपने परिवार को भी सलाह दे सकेंगी और स्वस्थ परिवार बना सकेंगी। स्वस्थ परिवार से ही समाज मजबूत बनेगा।



उन्होंने हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने पर जोर देते हुए कहा, फिट रहने के लिए सही जीवनशैली का चुनाव करना बेहद जरूरी है। हमें लग्जरी चीजों के पीछे भागने की बजाय अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। अच्छा-बुरा चुनना हमारे हाथ में होता है। अभिनेता ने उदाहरण देते हुए कहा, अगर मैं भूखा या फिर प्यासा हूं, तो मैं बिरयानी खाऊं या फिर दाल चावल खाऊं। इस बात का ज्ञान हम सभी को होता है कि अच्छा क्या है और बुरा क्या है और वो चुनना हमारे हाथ में है।

इसी के साथ ही उन्होंने शहरी और गांव की जीवनशैली की तुलना भी की। उन्होंने कहा, शहरों की जीवनशैली गांव वालों की तुलना में ज्यादा खराब है। गांव में टेक्नोलॉजी कम होने से लोग शारीरिक काम ज्यादा करते हैं, जैसे साइकिल चलाना या पैदल चलना। वहीं, शहरों में लोग टेक्नोलॉजी पर ज्यादा निर्भर हो जाते हैं, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता कम होती है।

उन्होंने आगे कहा, शहरवासी अक्सर सुविधाओं में फंसकर आलसी हो जाते हैं, जैसे सीढ़ियां चढ़ने की बजाय लिफ्ट का इस्तेमाल करते हैं। अपने करियर पर बात करते हुए मिलिंद ने बताया कि जनवरी-फरवरी में उनका एक तमिल ओटीटी शो आने वाला है। वे लगातार नए प्रोजेक्ट्स से जुड़े रहते हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बांग्लादेश में फंसी यूनुस की गर्दन, उधर पाकिस्तान में मुनीर बेबस, मचा हाहाकार

» ढाका, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।



पड़ोसी देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के बाद से हिंसा और अराजकता चरम पर पहुंच गई है। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस अब स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। पूरे शहर में हत्या, लूटपाट, आगजनी और लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं, खासकर अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। हादी की मौत के बाद ढाका में प्रदर्शन तेज हो गए, हिंसा फैल गई और प्रशासन को भीड़ पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने पड़े। वहीं पाकिस्तान में भी हालात भयावह हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने सुरक्षा बलों पर बड़ा हमला किया। आतंकियों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी के जरिए सेना कैंप की बाहरी दीवार तोड़ने की कोशिश की।

सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए चार आतंकियों को मार गिराया, लेकिन इस हमले में चार पाकिस्तानी सैनिक भी शहीद हो गए। धमाके से पास की मस्जिद और कई रिहायशी मकानों को नुकसान पहुंचा और 15 आम लोग, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, घायल हुए। पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया कि यह हमला अफगानिस्तान की जमीन से निर्देशित था। उन्होंने अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कि उनकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए। घटना के बाद पाकिस्तान ने अफगान डिप्टी हेड ऑफ मिशन को विदेश मंत्रालय तलब किया और कड़ा विरोध जताया।

दोनों पड़ोसी देशों में यह घटनाएं यह दिखाती हैं कि सुरक्षा और प्रशासनिक चुनौती कितनी गंभीर है।

## संक्षिप्त खबरें

### बलूचिस्तान में दहशत का माहौल, अचानक गायब हो रहीं महिलाएं

कराची, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत से लगातार डराने वाली खबरें सामने आ रही हैं। लंबे समय से जबरन गायब किए जाने के मामलों के लिए चर्चा में रहे इस इलाके में अब महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है। मानवाधिकार परिषद बलूचिस्तान ने प्रांत में महिलाओं के जबरन गायब होने की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। संगठन का कहना है कि यह दमन का एक नया और खतरनाक रूप है, जो हालात को और गंभीर बना रहा है। मानवाधिकार परिषद के अनुसार, वर्ष 2025 में अब तक बलूच महिलाओं को जबरन गायब करने के कम से कम नौ मामले सामने आ चुके हैं। इनमें छात्राएं, स्वास्थ्यकर्मी, घरेलू कामकाज करने वाली महिलाएं और मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल हैं।

### रूस सीमा पर तैनात एफ-35 जेट, क्रेमलिन की रणनीतिक चिंता कई गुना बढ़ी

मास्को, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। रूस-यूक्रेन युद्ध एक नए और ज्यादा खतरनाक मोड़ पर जाता नजर आ रहा है। एक तरफ नाटो देश फिनलैंड रूस की सीमा के बेहद करीब अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट तैनात करने की तैयारी में है, वहीं दूसरी ओर यूक्रेन रूस के अंदर और कब्जे वाले इलाकों में लगातार ड्रोन हमले कर रहा है। इन दोनों घटनाओं ने क्रेमलिन की रणनीतिक चिंता को कई गुना बढ़ा दिया है। फिनलैंड ने 16 दिसंबर को अमेरिका के टेक्सास स्थित फोर्ट वर्थ में अपना पहला एफ-35ए लड़ाकू विमान रोलआउट किया। यह सिर्फ एक सैन्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि नाटो में शामिल होने के बाद फिनलैंड की सुरक्षा नीति का सबसे ठोस संकेत माना जा रहा है।

### मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने



वॉशिंगटन, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगजीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से ज्यादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी।

### जर्मनी में संदिग्ध सामान के कारण स्टटगार्ट में मुख्य रेलवे स्टेशन खाली कराया गया

स्टटगार्ट, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। जर्मनी के स्टटगार्ट में मुख्य रेलवे स्टेशन को संदिग्ध सामान मिलने के कारण खाली करा लिया गया है। डीपीए एजेंसी ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी ने एक पुलिस प्रवक्ता का हवाला देते हुए कहा कि संघीय पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेन यातायात आंशिक रूप से प्रतिबंधित है। एसडब्ल्यूआर पोर्टल ने पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि निकासी से स्टेशन का पूरा ऊपरी हिस्सा प्रभावित हुआ।

### रूस के खिमकी शहर में विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत

मॉस्को, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। रूस में मॉस्को के खिमकी शहर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दोनों घायलों को स्थानीय मेडिकल संस्थानों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। क्षेत्रीय आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने बताया कि धमाका खिमकी के स्खोदन्या शहर के बन्नी लेन में एक घर के आंगन में हुआ। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच के अनुसार घटना का कारण घर के किसी विस्फोटक सामान को लापरवाही से संभालना था।

### विदेशी यात्री अमेरिका में कितने दिन रुकेगा यह वीजा अवधि से तय नहीं होगा

वॉशिंगटन, यूटर्न/ 21 दिसम्बर। अमेरिका में इमिग्रेशन नियमों में सख्ती के बीच भारतीय यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि किसी विदेशी यात्री की अमेरिका में ठहरने की अवधि वीजा की समाप्ति तिथि से निर्धारित नहीं होती। यह निर्णय प्रवेश के समय कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) अधिकारी द्वारा लिया जाता है। दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर स्पष्ट किया कि अमेरिका में ठहराव की अवधि सीबीपी अधिकारी तय करते हैं और इसका वीजा एक्सपायरी से कोई संबंध नहीं है। ठहराव की सटीक अवधि जानने के लिए आई-94 फॉर्म की जांच जरूरी है।

# बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच अगले आदेश तक चटगांव में भारतीय वीजा सेंटर बंद

» चटगांव, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।



बांग्लादेश में तनाव के बीच चटगांव में पोर्ट सिटी में भारतीय वीजा सेंटर को रविवार से अगले नोटिस तक बंद कर दिया गया है। शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में आगजनी और हिंसा देखने को मिल रही है।

बीते दिन बांग्लादेश में भारतीय हाई कमीशन का घेराव करने के लिए कट्टरपंथियों का समूह निकला था। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इससे पहले ढाका और दो अन्य जगहों पर भी वीजा सेंटर बंद किए गए थे।

उन्होंने कहा कि वीजा सेवा फिर से शुरू करने के बारे में आगे कोई भी घोषणा करने से पहले मौजूदा सुरक्षा हालात को। शुक्रवार को इंडियन असिस्टेंट हाई कमीशन के बाहर हिंसा देखने को मिली, जिसमें दो पुलिसकर्मी समेत कम से कम चार लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद ही चटगांव में अगले आदेश तक वीजा सेंटर बंद रखने का ऐलान किया गया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कट्टरपंथी समूह इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से ही देशभर में ऐसी भयावह स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार तड़के चटगांव के खुल्शी इलाके में इंडियन मिशन के ऑफिस के बाहर प्रदर्शनकारी जमा हुए और उन्होंने ईंटें फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान कट्टरपंथी उपद्रवियों ने कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ भी शुरू कर दी।

**स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कट्टरपंथी समूह इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से ही देशभर में ऐसी भयावह स्थिति बनी हुई है**

चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस (सीएमपी) कमिश्नर हसीब अजीज ने कहा कि पुलिस के दखल की वजह से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। झड़प में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए चटगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया।

बांग्लादेशी अखबार ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक अजीज ने आगे कहा कि पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लिया है और उन पर एंटी-टेररिज्म एक्ट के तहत मामला दर्ज होने की संभावना है।

इससे पहले, बुधवार को, विदेश मंत्रालय ने भारत में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया था और बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल पर नई दिल्ली की गहरी चिंता जताई। भारत ने यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से कहा कि वह अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारियों के हिसाब से बांग्लादेश में भारतीय मिशन और पोस्ट की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# तोशाखाना-2 मामले में फैसले के बाद इमरान खान ने देशभर में विरोध प्रदर्शन का किया आह्वान

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।



तोशाखाना-2 मामले में कोर्ट ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बेगम को 17-17 साल की जेल की सजा सुनाई। कोर्ट के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। साथ ही पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ पार्टी के चीफ इमरान इस्लामाबाद हाईकोर्ट में कोर्ट के फैसले को चुनौती देने की योजना बना रहे हैं।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई चीफ के पास जेल में अपने सोशल मीडिया हैंडल का एक्सेस नहीं है। ऐसे में उनके अकाउंट पर इमरान और उनके वकील के बीच हुई बातचीत का जिक्र करते हुए लिखा गया, मैंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को सड़क पर आंदोलन की तैयारी करने का मैसेज भेजा है। पूरे देश को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा।

इमरान खान के हवाले से पोस्ट में कहा गया कि इस केस में उन्हें मिली सजा कोई हैरानी की बात नहीं है, लेकिन उन्होंने अपनी लीगल टीम से इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाने को कहा है। उन्होंने कहा, पिछले तीन सालों के बेबुनियाद फैसलों और सजाओं की तरह तोशाखाना-2 का फैसला भी मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। यह फैसला जज ने बिना किसी सबूत और कानूनी जरूरतों को पूरा किए जल्दबाजी में दिया था। डॉन के अनुसार इमरान खान ने आरोप लगाया है कि सुनवाई के दौरान उनकी लीगल टीम को सुना भी नहीं गया।

# बलूचों के खौफ में जी रहे पाकिस्तानी, जाफर एक्सप्रेस थी निशाने पर, दो जोरदार धमाके

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 21 दिसम्बर।



बलूचिस्तान में गहराता असंतोष और विद्रोह अब एक गंभीर संकट का रूप ले चुका है। दशकों से जारी दमनकारी नीतियों के जवाब में बलूच विद्रोहियों ने एक बार फिर पाकिस्तान के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है। ताजा घटनाक्रम में, विद्रोहियों ने मुख्य रेलवे लाइन पर दो भीषण बम धमाके किए, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विद्रोहियों के निशाने पर एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस और कराची जाने वाली बोलन एक्सप्रेस थी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, मुश्काफ में हुए धमाके ने लगभग तीन मीटर रेलवे ट्रैक को नष्ट कर दिया है, जबकि मस्तुंग जिले के दाश्त इलाके में हुए दूसरे हमले में मुख्य लाइन को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ट्रैक बाधित होने से सैकड़ों यात्री बीच रास्ते में फंस गए हैं। हालांकि मरम्मत और सुरक्षा दल मौके पर तैनात हैं, लेकिन बार-बार होने वाले इन हमलों ने यात्रियों के मन में भय पैदा कर दिया है।

ये धमाके मुश्काफ और दाश्त जैसे संवेदनशील इलाकों में हुए। गनीमत यह रही कि दोनों ट्रेनें इन विस्फोटों की सीधी चपेट में आने से बाल-बाल बच गईं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, धमाकों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि रेलवे ट्रैक का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस क्षति के कारण बलूचिस्तान का पाकिस्तान के अन्य तीन प्रांतों से रेल संपर्क पूरी तरह टूट गया है और यातायात ठप्प पड़ा है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *